उत्तर प्रदेश के सात रेलवे स्टेशन होंगे ईको-स्मार्ट

drishtiias.com/hindi/printpdf/eco-smart-railway-stations

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी)** ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत सात रेलवे स्टेशनों को **ईको-स्मार्ट रेलवे स्टेशन** के रूप में पहचान देने और विकसित करने के लिये नामित किया है।

प्रमुख बिंदु

- इन सात रेलवे स्टेशनों में **लखनऊ जंक्शन, बादशाह नगर रेलवे स्टेशन, गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, मनकापुर स्टेशन** शामिल हैं।
- ईको-स्मार्ट रेलवे स्टेशन की पहचान हेतु रेलवे स्टेशन, ट्रैक, डिब्बों का कूड़ा मैनेजमेंट रेलवे स्टेशन के आसपास से अतिक्रमण हटाना, इलेक्ट्रिक और प्लास्टिक कबाड़ का निस्तारण, पानी का उपयोग और इसकी सप्लाई, ऊर्जा बचाने के लिये एलईडी लाइट, सोलर पैनल को बढ़ावा आदि मानकों पर खरा उतरना होगा।